# आयुक्त ने प्रस्तावित रोड निर्माण से पूर्व नाली बनाने के दिए निर्देश

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक–2 वैशाली नगर अंतर्गत ढ़ांचा भवन कुरूद में रोड, नाली एवं नकटा तालाब का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त एवं कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा ढांचा भवन कुरूद में प्रस्तावित रोड निर्माण का निरीक्षण किये। उक्त रोड पर बरसात के पानी का निकासी हेतु कोई सुविधा नहीं है। रोड निर्माण से पूर्व नाली की व्यवस्था करने सहायक अभियंता अर्पित बंजारे को निर्देशित किये है। समीपस्थ मोहल्ले में पानी निकासी के लिए नाली निर्माण प्रस्तावित है, जिसकी प्रक्रिया पूर्ण कर शीध्र नाली बनाने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किया गया है। साथ ही स्थानीय नागरिकों की समस्या से अवगत होते हुए निराकरण हेतु चर्चा किये हैं। आयुक्त ने नकटा तालाब की साफ–सफाई व्यवस्था का भ्रमण करते हुए जायजा लिए । तालाब के किनारे अवैध कब्जा किया गया है, अवैध कब्जाधारियो के खिलाफ बेदखली कार्यवाही करने सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को निर्देशित किये हैं । उप अभियंता चंदन निर्मल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा उपस्थित रहे।

